**खबर संक्षेप**

## जनपद पंचायत स्तरीय हर घर स्वच्छता हर घर तिरंगा अभियान का ग्राम पंचायत औरई से शुभारंभ

**मण्डला।** कलेक्टर के निर्देशानुसार हर घर स्वच्छता हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त 2025 तक आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत स्तरीय अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत औरई से किया गया। अभियान के दौरान स्वच्छता चौपाल, स्वच्छता संवाद, स्वच्छता शपथ, सामूहिक श्रमदान एवं साफ-सफाई, तिरंगा रैली का आयोजन किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिछिया श्री रमेश मंडावी, जनपद सदस्य श्री मेवालाल धुर्वे, सरपंच ग्राम पंचायत औरई श्री अजय कुशराम, सहायक यंत्री श्री राहुल गौतम, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्रबंधक एनआरएलएम, ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत औरई 70-80 ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा बैठक संपन्न

**मण्डला।** अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने ली सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा बैठक। इस दौरान उन्होंने जुलाई माह की शिकायतें, 50 दिवस से लम्बित शिकायतों के निराकरण की स्थिति तथा उनके संतुष्टिपूर्वक निराकरण की स्थिति देखी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से बात करें तथा सही जवाब प्रविष्ट करें संबंधित अधिकारी। रैंकिंग जारी होने में अभी 12 दिवस शेष हैं। श्री सिंह ने कहा कि विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाईन के शिकायतों के निराकरण की ग्रेडिंग को और बेहतर करें। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 तथा इन्टरेस्ट सब्सिडी स्कीम की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एसडीएम, सीएमओ, सीईओ इसमें प्रगति लाकर पूर्ण करें। इस दौरान सभी को प्रजापिता ब्रम्हकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से राखी बांधी गई।

## डंपर ने ट्रेक्टर को मारी टक्कर, 2 कावड़ियों की मौत, 9 घायल

**हरिभूमि न्यूज:सिवनी।** जानकारी के अनुसार काशी (बनारस) से कुछ काबडिया महाराष्ट्र राज्य के ग्राम पातुर जिला अकोला जल भरकर पैदल ले जा रहे थे और उनके साथ ट्रेक्टर सहित फोरव्हीलर वाहन आगे पीछे चल रहे थे। जब वे बंडोल थाना क्षेत्र के चोर गठरिया ग्राम के पास राष्ट्रीय राज्य मार्ग 44 में पीछे से आ रहे तेज गति डम्फर ने ट्रेक्टर को टक्कर मार दी जिसके कारण ट्रेक्टर के आगे $काबड लेकर पैदल चल रहे 2 काबडियो की मौत हो गई। और 9 घायल हो गए। सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र में गुरुवार रात पैदल चल रहे कांवड़ियों के पीछे चल रहे ट्रैक्टर को एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, जो कांवड़ियों पर चढ़ गया। इस हादसे में 2 कांवड़ियों की मौत हो गई और 9 अन्य घायल हो गए। चोर गरठिया ग्राम के समीप नेशनल हाईवे-44 पर देर रात 11 बजे हादसा हुआ। इस घटना के बाद डंपर चालक मौके पर डंपर छोड़कर फरार हो गया। काशी (बनारस) से कुछ कांवड़िए महाराष्ट्र राज्य के अकोला जिले के पातुर ग्राम जल भरकर पैदल जा रहे थे। उनके साथ ट्रैक्टर और फोरव्हीलर वाहन भी आगे-पीछे चल रहे थे। जब वे बंडोल थाना क्षेत्र के चोर गठरिया ग्राम के पास राष्ट्रीय राज्य मार्ग 44 पर थे, तभी पीछे से आ रहे तेज गति डंपर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर के आगे कांवड़ लेकर पैदल चल रहे दो कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के नाम अविनाश पिता विजय पोहरे (30 वर्ष) और बंडूबन पिता पांढुराम बन्ड हैं। दोनों मृतक मजदूरी करते थे। घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी।

# विद्यार्थियों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के लिए उत्साहित करना जरूरी - मंत्री श्रीमती उइके





**जिला प्रशासन के नवाचार द वाटर बेल का किया शुभारंभ**

**स्कूल शिक्षा मंत्री से प्रदेश के स्कूलों में अपनाने की करेगी चर्चा**

**जिला प्रशासन को दी बधाई**

**मण्डला।** मंडला जिले में जिला प्रशासन के द्वारा नवाचार के रूप में प्रोजेक्ट द वाटर बेल का शुभारंभ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने जिला योजना भवन में किया।

मंत्री श्रीमती उइके ने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए बताया कि इस नवाचार का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्याप्त मात्रा में जल पीने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह वाकई सच है कि जब हम अपने दैनिक काम में व्यस्त होते हैं तो पानी पीना भूल जाते हैं। चिकित्सकों का भी मानना है कि हमें दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए।

### 2300 स्कूलों में प्रारंभ किया जा रहा

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के द्वारा यह नवाचार जिले के लगभग 2300 स्कूलों में प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभिनव पहल के लिए जिला प्रशासन को बधाई। इस नवाचार को समूचे प्रदेश के विद्यालयों में अपनाया जाए इसके लिए स्कूलों शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह से भी चर्चा करेगी। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि विद्यार्थी अपने अभिभावकों को भी समझाएं कि शरीर को पर्याप्त पेयजल की जरूरत होती है। अतः जल का सेवन अधिकाधिक करें। कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती उइके ने प्रतीकात्मक रूप से घंटी बजाई। साथ ही इस नवाचार से जुड़े पोस्टर का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस नवाचार से जुड़ी जानकारी पावरप्वाईंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से बताई। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों को प्रतिदिन नियमित अंतराल में पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इसके लिए एक विशेष समय पर नियमित अंतराल पर एक घंटी बजाने का समय निर्धारित किया गया है। वाटर बेल के समय विद्यार्थी अपनी पानी की बोतल अथवा विद्यालय में उपलब्ध संसाधन से पानी पिएंगे। यह शरीर को स्वस्थ एवं ऊर्जा, शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर करने, शरीर को हाईड्रेट रखने एवं विद्यार्थियों की एकाग्रता में वृद्धि करने में सहायक होगा।

कार्यक्रम में श्री रानू राजपूत, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, श्री रंजीत गुप्ता, एपीसी श्री मुकेश पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश उपाध्याय द्वारा किया गया।

# फूलसागर पुल पर भीषण सड़क हादसा



**ट्रक और क्रेटा में जोरदार टक्कर, पुल की रैलिंग टूटी**

मण्डला। शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे फूलसागर पुल पर हुए एक भीषण सड़क हादसे ने लोगों को दहला दिया। ट्रक और क्रेटा कार के बीच हुई जोरदार टक्कर इतनी भयानक थी कि पुल की मजबूत रेलिंग टूट गई और मालवाहक ट्रक का एक हिस्सा पुल से बाहर की ओर लटक गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग मौके पर दौड़ पड़े।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, क्रेटा गाड़ी मंडला की बताई जा रही है। टक्कर के बाद पुल पर कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह ठप हो गया। मौके पर खड़े स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पुल पहले से ही जर्जर स्थिति में है और इसकी मरम्मत की आवश्यकता लंबे समय से बनी हुई है। ऐसे में इस तरह के हादसे किसी दिन और भी बड़े संकट का रूप ले सकते हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और यातायात दल मौके पर पहुंचा। पुल पर फंसे वाहनों को हटाने के लिए क्रेन की मदद ली गई और लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद यातायात को दोबारा शुरू किया गया। हादसे में हुए नुकसान और घायलों की संख्या की आधिकारिक जानकारी समाचार लिखे जाने तक सामने नहीं आई थी, लेकिन टक्कर के असर से दोनों वाहनों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पुल की मरम्मत और मजबूतीकरण कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों वाहनों के चालकों से पूछताछ की जा रही है।

# विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों में मंडला जिले का नाम किया रोशन - मंत्री श्रीमती उइके

**जेईई एवं नीट में चयनित विद्यार्थियों को किया सम्मानित**

**मण्डला।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में ज्ञानार्जन प्रोजेक्ट 2.0 के तहत वर्ष 2024-25 में नीट एवं जेईई में चयनित विद्यार्थियों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने उपहार भेंट कर सम्मानित किया। मंत्री श्रीमती उइके ने चयनित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने सीमित संसाधनों एवं अल्प सुविधाओं के बीच अपने कठिन परिश्रम से मंडला जैसे जिले का नाम रोशन किया है। इसके लिए आपको, परिजनों एवं शिक्षकों को बधाई।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि जिले के लिए यह बहुत बड़ी बात है कि आप लोगों ने जेईई एवं नीट जैसी कठिन परीक्षा उत्तीर्ण की। पहले इस तरह की परीक्षाओं की तैयारी बड़े शहरों में ही होती थी। जिला प्रशासन के द्वारा नवाचार के रूप में प्रारंभ किया गया ज्ञानार्जन प्रोजेक्ट 2.0 अपनी सफलता की कहानी खुद ब खुद बता रहा है। जिले में मेडीकल कॉलेज भवन का भी निर्माण तीव्र गति से किया जा रहा है। अनुशासन, लगन एवं समर्पित भाव से आगे की पढ़ाई जारी रखें। मंत्री श्रीमती उइके ने इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद विद्यार्थियों से उनके अनुभव जाने। विद्यार्थियों ने बताया कि जिला प्रशासन के इस नवाचार की बदौलत परीक्षा से संबंधित सारी सुविधाएं यहां प्रदान की गई। जिन परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहर जाकर पढ़ाई करनी होती थी वह यहीं निःशुल्क प्राप्त हो गई।

एपीसी श्री मुकेश पांडे ने इस प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि विगत वर्ष 10 विद्यार्थी नीट एवं 4 विद्यार्थी जेईई परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। नया बैच 16 अगस्त से प्रारंभ किया जा रहा है। 400 विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 70 विद्यार्थियों को नीट एवं 50 विद्यार्थियों को जेईई की परीक्षा की तैयारी के लिए सिलेक्ट किया गया है। जिले के 32 शिक्षकों द्वारा इस परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है।

नीट में चयनित विद्यार्थी निशा कुलस्ते, तन्या चौधरी, तनिष्का साहू, तान्या साहू, सीमा कोराम, सुहानी मार्को, सावन वरकड़े, करीना कुशराम, अंजुलता भार्गव एवं प्रियंका परते है। कार्यक्रम में श्री रानू राजपूत, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, श्री रंजीत गुप्ता, एपीसी श्री मुकेश पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षाबंधन पर विभिन्न कार्यक्रम कर बांधा रक्षासूत्र

मण्डला

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा रक्षाबंधन पर विभिन्न कार्यक्रम किए गए। जिसमें जेल, 148 वीं बटालियन (सीआरपीएफ), जिला योजना भवन, जस्टिस तंखा मेमोरियल रोटरी स्कूल फॉर स्पेशल चिल्ड्रन, आदर्श बाल गृह, वृद्धाश्रम आदि जगहों में रक्षाबंधन का कार्यक्रम कर सभी को रक्षा सूत्र बांधा। जेल के अंदर किए गए कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, जेल अधीक्षक भ्राता संजय सहलाम साथ ही ब्रह्माकुमार भाई बहनें और जेल के कैदी भाई बहन उपस्थित रहे। जेल के अन्दर ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा सभी कैदी भाइयों को रक्षाबंधन के महत्व को बताया।





ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि रक्षाबंधन का त्यौहार पवित्रतम प्रेम और मधुर संबंधों की स्मृति दिलाने वाला है। साथ ही सभी कैदी भाइयों को अपने अंदर छिपे बुराइयां, व्यसन आदि बुरी आदतों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद सभी कैदी भाइयों को रक्षा सूत्र बांधा और मिठाईयां दी गई। साथ ही जेल अधीक्षक एवं जेल के सभी स्टाफ को भी रक्षा सूत्र बांधा गया। और सभी का मुख मीठा कराया गया। जस्टिस तंखा मेमोरियल रोटरी स्कूल फॉर स्पेशल चिल्ड्रन के बच्चों को ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन ने रक्षाबंधन का महत्व बताकर सभी को रक्षासूत्र बांधा गया। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन, बीके सरोज बहन, तंखा मेमोरियल स्कूल के बच्चे सहित स्टॉफ उपस्थित रहे।

ब्रह्माकुमारीज़ मण्डला के द्वारा 148 वीं बटालियन (सीआरपीएफ) में रक्षाबंधन का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में 148 वीं बटालियन, (सीआरपीएफ)कमांडेंट भ्राता विक्रांत सारंगपाणि एवं अन्य अधिकारी सहित पुलिस के जवान, ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान से ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, ब्रह्माकुमारी शिवकुमारी बहन उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताया। रक्षासूत्र का महत्व बताया कि रक्षासूत्र बांधते समय सबसे पहले बहन भाई के मस्तष्क पर तिलक लगाते हैं जो आत्मस्मृति का प्रतीक है, उसके बाद रक्षासूत्र कलाई में बांधते है जो एकता का प्रतीक है और दो धागे में गठान लगाते हैं वह दृढ़ता का प्रतीक है। उसके बाद मुख मीठा कराया जाता है, इसका मतलब की हमेशा मुख से सदैव मीठी वाणी बोलते रहे। इसके साथ सभी जवान भाइयों से शुभ संकल्प पत्र भरवाया गया। इसके बाद सभी जवान भाइयों को रक्षासूत्र बांधकर मुख मीठा कराया गया। सभी जवान भाई रक्षासूत्र बंधवाकर बहुत खुश हुए। जिला योजना भवन मंडला में रक्षाबंधन का कार्यक्रम कर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने अपर कलेक्टर भ्राता राजेंद्र कुमार सिंह, नगरपालिका सीएमओ भ्राता गजानन नाफ़ड़े, बैंक के अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगणों को रक्षासूत्र बांधा गया। इसके साथ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने मंडला कलेक्टर भ्राता श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा भ्राता रजत सकलेचा

रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर मंडला जिले के मुख्य सेवाकेंद्र बस स्टैंड के पीछे स्थित विश्व शांति भवन में कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मंडला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी जी, सुभाष वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, साथ में ब्रम्हाकुमारी लक्ष्मी बहन, ब्रम्हाकुमारी शिवकुमारी बहन एवं ब्रह्माकुमार भाई बहनें उपस्थित रहे। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी जी ने सभी को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी और साथ ही रक्षाबंधन के महत्व को बताया।सभी को प्रतिज्ञा दिलाई गई कि सभी के प्रति शुभ भावना और शुभकामना रखनी है सभी को सुख देना है। फिर सभी ब्रह्माकुमार भाई बहनों को राखी बांधी गई और सभी को भोग और मीठा दिया गया।

## माहिष्मती घाट में आकांक्षी हाट मेले का आयोजन 11 अगस्त से

**मण्डला।** नीति आयोग, भारत सरकार के आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत वोकल फोर लोकल के तहत स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन हेतु पाँच दिवसीय आकांक्षा हाट मेले का आयोजन 11 अगस्त से 15 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार तक किया जा रहा है।

यह मेला जिला प्रशासन मंडला द्वारा माहिष्मती घाट के पास जल संसाधन विभाग के विश्रामगृह में प्रातः 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। वोकल फोर लोकल अंतर्गत इस हाट-मेले में स्वसहायता समूहों, स्थानीय उत्पादकों, कारीगरों एवं विभिन्न विभागों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी।

## मोहगांव में युवा कला उत्सव का विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**मण्डला।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव में युवा कला उत्सव का विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मॉडल स्कूल मुंगवानी के छात्राओं ने महारानी रानी लक्ष्मीबाई की जीवनी पर नृत्य लघु नाटिका प्रस्तुत की जिसमें कुमारी संजना साहू कुमारी इच्छा सैयाम एवं उनके साथी कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव के लोक नृत्य कार्यक्रम रहे कार्यक्रम में जनपद पंचायत मोहगांव के अध्यक्ष श्री गत सिंह भवेदी जनपद पंचायत मोहगांव के शिक्षा समिति अध्यक्ष श्री शिवकुमार मिश्र अड्डू भैया जनपद सदस्य खीसी श्री हलकू सिंह भैया जी उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य दीपक कछवाहा उत्कृष्ट विद्यालय मोहगांव के समस्त शिक्षक अतिथि शिक्षक और छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की और अपनी उपस्थिति प्रदान की।

## नारायणगंज में स्वच्छता रैली सह तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ

**मण्डला।** नारायणगंज में 'हर घर तिरंगा, हर-घर स्वच्छता' अभियान और मिट्टी गणेश' कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री आसाराम भारतीय, उपाध्यक्ष श्री मोनू शर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्री भूपेंद्र वरकडे, सरपंच ग्राम पंचायत पड़रिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक शामिल हुए। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के इस अभियान में स्वच्छता रैली के रूप में पंचायत पड़रिया से बस स्टैंड बाजार प्रांगण होते हुए रैली का समापन जनपद पंचायत में किया गया। आमजन तक इस अभियान का संदेश पहुंचाने के लिए इस स्वच्छता रैली सह तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनअभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक, आजीविका मिशन के ब्लॉक मैनेजर, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ने मिट्टी के गणेश विषय पर मार्गदर्शन दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सभी श्रृद्धालुजनों को अपने घर में मिट्टी की गणेश जी स्थापित करनी चाहिए। इसके लिए सामाजिक लोगों की ओर से समन्वित प्रयास किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## चीचली सावन बाजार की व्यवस्थाये बनाने के लिये थाना प्रभारी ने संभाला मोर्चा



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** शनिवार को रक्षा बंधन पर्व के चलते जहां चारों ओर भाई बहिन के स्नेह भरे त्यौहार की धूम मची हुई देखी गई। वही दूसरी ओर पीतल नगरी चीचली मुख्य बाजार में भीड़ का आलम इस तरह देखने मिल रहा था कि मानों संपूर्ण क्षेत्र की जनता यही पर टूट पड़ी हो। इस तरह बाजार में भीड़ के बीच वाहनों की धमाचौकडी की लगातार शिकायते मिलने के चलते थाना प्रभारी संग्राम सिंह द्वारा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जब मोर्चा संभाला गया तो स्थिति सामान्य हुई। इस तरह थाना प्रभारी की मौजूदगी में निगरानी पर जुटी हुई टीम द्वारा संदिग्धों पर भी पैनी नजर बनाये हुये थें। वही दूसरी ओर इस बीच पुलिस द्वारा लोगों को नशा मुक्ति का संदेश देते हुये कहा गया कि नशा निश्चित तौर से किसी भी त्यौहार के महौल को गम में बदलने से नही चूकता है। इस दौरान पुलिस की टीम नशा करके वाहन चलाने वालों की चैकिंग करते हुये उन्हें समझाईश देने में भी पीछे नही रही।

## गणेश प्रतिमाओं को स्वरूप देने लगे कलाकार



**हरिभूमि न्यूज/ बारहाबड़ा।** हमारे हिन्दू धर्म में सर्व प्रथम पूज्य माने जाने वाले भगवान गणेश चतुर्थी को आने में अभी कुछ दिन शेष है। मगर इसके बाद भी गणेश उत्सव की तैयारियां शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी धूमधाम के साथ किये जाने लगी है। वही देखा जा रहा है कि गणेश उत्सव को लेकर मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं को निर्माण करने वाले लोगो द्वारा अपने घरों में गणेश प्रतिमाओं को स्वरूप देना शुरू कर दिया गया है। इतना ही नही प्रतिताओं को निर्माण करने वाले बारहाबड़ा निवासी कलाकार देवी सीग प्रजापति का कहना है कि लगातार बढ़ रही महंगाई के चलते जहां उन्हें प्रतिमाओं के निर्माण करने में परेशानियों का सामना तो करना पड़ रहा है। मगर इसके बाद भी जब उनके द्वारा निर्मित किये जाने वाली प्रतिमाओं का पूजन होता है तो मन में बड़ी संतुष्ठि का अहसास होता है। क्योंकि उनके द्वारा मिट्टी से बनाई गई प्रतिमाएं जहां पार्यावरण को क्षति नही पहुंचाती है और वह विसर्जन होने के बाद घुल भी जाती है? मगर वही दूसरी ओर इन कलाकारों द्वारा इस बात पर भी खेद व्यक्त किया गया है कि शासन द्वारा पीओपी से निर्मित होने वाली प्रतिमाओं पर रोक लगाने के बाद भी इनका बाजार में खुलेआम व्यापार होता रहता है और प्रशासन अपने आंखे बंद कर लेता है, जिसके चलते इन प्रतिमाओं के बाजार में आने के कारण हम लोगों का कारोबार तो प्रभावित होता ही है साथ ही साथ पार्यावरण को भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

### बहिनों ने भाईयों की कलाईयों पर राखियाँ बांध लिया रक्षा का वचन...

# नगर सहित क्षेत्र के गांवों में शुभ मुहुर्त आने के बाद दोपहर उपरांत बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया रक्षा बंधन का पर्व











**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** हिन्दू धर्म में प्रमुख माने जाने वाला रक्षा बंधन का त्यौहार शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी कल सोमवार को दोपहर 12 बजे के बाद बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष रक्षा बंधन के दिन नक्षत्रों के प्रभाव को लेकर अनेक प्रकार से भ्रम की स्थिति देखने मिली। क्योंकि सुबह 9 बजे तक का मुहुर्त होने के चलते इतने जल्द रक्षा बंधन नही हो पाया था। इसके बाद शुभ मुहुर्त दोपहर 12. 30 बजे के बाद होने के चलते लोगों द्वारा शुभ मुहुर्त आने के उपरांत सबसे पहले भगवान को राखी बांधी गई इसके बाद बहिनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधने की शुरूआत की गई। इसके बाद सारे दिन शुभ मुहर्त होने के चलते रक्षा बंधन त्यौहर चलते रहा। रक्षा बंधन के इस मौके पर खास बात यह थी कि रक्षा बंधन के दिन सुबह से गुलजार हुए बाजार में भीषण महंगाई को चुनौती देते हुए शहरवासी राखियों की दुकानों सहित मिठाईयों, फलों व उपहार सामग्री खरीदने पहुंचने लगे थे और सुबह 9 बजे से ही बाजार की चहल पहल बढ़ने से व्यापारियों के चेहरे खुशी से दमकने लगे थें तथा घरों में भाई, बहिन के अटूट प्रेम के प्रतीक रक्षा बंधन पर्व उत्साह से मनाने की तैयारियाँ पूर्ण होने लगी थी। गौरतलब है कि पूर्णिमा के चलते इस वर्ष रक्षा बंधन के मुहुर्त को लेकर लोगों के दिलों में अनेक प्रकार की भ्रांतियाँ पैदा होने के चलते समय को लेकर भ्रम बना रहा। क्योंकि रक्षा बंधन के मुहुर्त को लेकर लोगों के अलग अलग मत देखने मिल रहे है। वही देखा जावे तो शनिवार को जहां पूर्णिमा के चलते दोपहर 12.30 बजे के बाद रक्षा बंधन दिन भर चलते हुये देखा गया। बहिनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाने के बाद रंग बिरंगी राखियाँ बांध स्नेहमय माहौल में उनसे बहनों के संरक्षण, रक्षा का वचन लिया और भाईयों ने श्रद्वा से बहिनों के चरणों में शीश झुकाकर बहिनों को उपहार देकर संकल्प लिया कि वे अपनी बहिनों की जीवन भर रक्षा सेवा कर भाई बहिन के असीम प्रेम को ज्योति को जलाये रखेगें। इस प्रकार से रक्षा बंधन के दिन नगर के मंदिरों में भगवान के दर्शन, पूजन और उन्हें राखी अर्पित करने बड़ी संख्या में श्रद्वालु पहुंचे तथा विद्वान पंडितों ने अपने यजमानों के घरों में जाकर उन्हें रक्षा सूत्र बांधकर अपना आर्शीवाद देने के साथ नैतिक शिक्षा एवं आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के लक्ष्मी टाईनशिप कालोनी स्थित सेवा केन्द्र शिव स्मृति भवन में भी विश्व बंधुत्व, भा्रतत्व भावना के प्रतीक रक्षा बंधन पर्व पर शहरबासियों को रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम मंगलमय वातावरण में राखी बांध उन्हें शुभार्शीवाद प्रदान किया। गौरतलब है कि रक्षा बंधन के एक दिन पहले यानि की शुक्रवार को घरों में जहां महिलाये अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगा उनकी कलाईयों पर रंग बिरंगी राखियाँ बांधने आकुल नजर आते हुए बहिनों ने उमंग, उल्लास के साथ रक्षा बंधन मनाने की तैयारियाँ पूर्ण कर ली थी। वही बाजार में राखियाँ, किरान सामग्री, उपहार का सामान, रेडीमेड व मिठाईयों तथा फल खरीदने वाले लोगों की ढलती शाम तक भीड़ उमड़ती रही और यही हाल कल शनिवार को रक्षा बंधन के दिन भी देखने मिला जिसके चलते बाजार सहित राखि बाजार में भीड़ के रूप में जनसैलाब उमड़ता हुआ नजर आया। क्योंकि भाई बहिन के प्रेम का प्रतीक यह पर्व हिन्दू हर वर्ष मनाते है। मान्यता है कि देवताओं के गुरू वृहस्पति ने ही देवराज इंद्र को असुरों पर विजय पाने के लिए रक्षा बंधन पर्व मनाने का सुझाव दिया था तभी से रक्षा बंधन पर्व मनाने की परम्परा चल रही है। हिन्दू धर्म में रक्षा बंधन पर्व मनाने का खास महत्व इसलिए है कि बहिन द्वारा भाई की कलाई में रक्षा सूत्र बांधने के साथ भाई से बहिन जीवन भर संरक्षण, सम्मान की रक्षा का वचन मांगती है और बदले में भाई अपनी बहिन को उपहार भेंट कर उसके चरणों में नमन कर बहिनों के अंतर्मन में नया उल्लास भरते है, जिसके चलते रक्षा बंधन के अवसर पर नगर के झंडा चौक पर स्थित राखी बाजार में जहां दिन भर भीड़ लगी रही। वही दूसरी ओर यही हाल समीपस्थ सांईखेड़ा में भी देखा गया जहां पर राखी बाजार में दिन भर भीड़ इस प्रकार से देखने मिली की लोगों का बाजार में पैदल चलना मुश्किल नजर आने लगा था। इस तरह रक्षा बंधन के मौके पर बाहर रह रहे अपने भाईयों को बहिन से रखी बंधबाने के लिए घर आने तथा अनेक बहिनों को अपने भाईयों को राखि बांधने के लिए उनके घर जाने के चलते जहां बसों में भीड़ भाड़ की स्थिति देखने मिली। वही दूसरी ओर यही हाल ट्रेनों में भी देखने मिला जिसके चलते समस्त ट्रेनें पूर्णरूप से फुल होकर निकल रही थी तथा रेल्वे स्टेशन पर दिन भर भीड़ भाड़ की स्थिति देखने मिली। वही क्षेत्र की सड़को पर भी चार पहिया व दो पहिया वाहनों की धमचौकड़ी दिन भर मची रही जिसके चलते रक्षाबंधन त्यौहार मनाने की खुशी लोगों के चेहरों में स्पष्ट नजर आ रही थी। वही दूसरी ओर रक्षा बंधन त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने की सोच के चलते जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नगर का पुलिस प्रशासन पूर्णरूप से अलर्ट मूड में दिखाई पड़ा।

## भाईचारे का अनूठा कजलियाँ पर्व आज



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** समूचे बुन्देलखंड अंचल में सदियों से मनाया जाने वाला कजलियाँ पर्व आज रविवार को शहर में हर्ष के साथ मनाया जावेगा। इस रिवाज के चलते जिन लोगों के घरों में कजलियाँ बोई जाती है उनके घरों की महिला दोपहर के बाद सबसे पहले अपने ईष्ट देव की पूजन करने के बाद कजलियों को लेकर नगर की जीवन रेखा माने जाने वाली शक्कर नदी में ले जाकर कजलियों को पूजन करने के बाद वहां से धोकर लायेगी और इसके बाद मंदिर में रखते हुए भगवान की पूजन की जावेगी, जिसके चलते शहर के निवासी राग द्वेष भुला भगवान को कजलियाँ समर्पित करने के बाद लोगों से पीली कजलियों का अदान प्रदान कर शहर में भाईचारें की गंगा बहाते हुए शहरवासियों को सुखी खुशहाल बनाने की ईश्वर से प्रार्थना करेगे। बताया जाता है कि कजलियाँ पर्व के मौके पर आज लोग जहां युवाओं को बुजुर्गो का आशीष मिलेगा, वही बच्चों को युवाओं व बजुर्गो की शुभ कामनाएं मिलेगी। गौरतलब है कि प्रयचलित रिवाज के अनुसार आज शहरवासी शोक से डूबे हुए परिवारों में कजलियाँ लेकर पहुंचेगे जो अपने प्रियजन के विछोह से शोकाकुल है उन्हें इस त्यौहार पर शोक सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करेगे, वही इन परिवारों के परिजनों को कजलियँ देकर उनके द्वारा उनका दूख दूर किया जाएगा।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपित किये गये पौधे, पर्यावरण का संदेश देते हुये काव्य गोष्ठी का किया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** म. प्र.जन अभियान परिषद् के तत्वाधान में सेक्टर क्रमांक 2 बसुरिया नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया वि.ख. चीचली के ग्राम पंचायत बसुरिया के NCI हाई स्कूल बसुरिया में बीते हुये दिवस रामेश्वर वर्मा द्वारा अपने जन्म दिवस के अवसर पर बागेश्वरी साहित्य परिषद् द्वारा पर्यावरण काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। बताया जाता है कि इस दौरान पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण पर कवि जनों द्वारा रचनाएं प्रस्तुत कि एवं मुख्य अतिथि जयप्रकाश वर्मा, रामकुमार बड़कुर द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं वृक्षों की महत्व को रेखांकित किया। वही संगोष्ठी के उपरांत विद्यालय एवं मुक्ति धाम में समिति सचिव रामेश्वर वर्मा ने वि.ख. चीचली की नवांकुर संस्था द्वारा रक्त चंदन,अमरूद एवं बिल्वपत्र का वृक्षारोपण किया गया। वही नवांकुर संस्था कार्यक्रम समन्वयक रामेश्वर वर्मा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन का विषय रखें। बताया जाता है कि इस मौके पर जयप्रकाश वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष पर्यावरण विद् रामकुमार बड़कुर, बागेश्वरी साहित्य परि.अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, संतोष अग्रवाल सागर, वृक्ष मित्र संस्था संरक्षक योगेन्द्र सिंह, कवि पुरुषोत्तम मुख्तयार, हास्य व्यंग के कवि दीपक गुप्ता, आशीष गोलू राय, राजेश प्रिय, आर.डी. वर्मा, जन शक्ति सेवा समिति उकास घाट रामकृष्ण राजपूत, ग्राम के वरिष्ठ समाजसेवी हाकम सिंह वर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, शिक्षक लक्ष्मीनारायण वर्मा, विद्यालय परिवार, हलकोरी नगपुरिया, महेन्द्र पटेल, अजय कुशवाहा, हरदौल संस्था से खुमान सिंह नगपुरिया, रामेश्वर वर्मा, गौशाला संचालक लीलाधर वर्मा, तरुण वर्मा, अरविन्द कुशवाहा, अभिषेक नौरिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## श्रावणी उपाकर्म विप्र बंधुओं ने किया संपन्न





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्रवासियों का बडा सौभाग्य है कि उन्हें माँ नर्मदाजी के पावन तट पर जन्म लिया है जिसके चलते वह माँ नर्मदाजी के आर्शीवाद से जहां सुख समृद्वि हासिल करते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर आये दिन माँ नर्मदाजी के पावन तटों पर ब्राम्हणदेवों द्वारा जिस तरह धार्मिक आयोजन किये जाते है उनके दर्शन करने का सौभाग्य भी मिलने से नही चूक पाता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये शनिवार को श्रावणी उपाकर्म के दौरान देखने मिला। पुण्य सलिला माँ रेवा का दक्षिण तट ग्राम थरेरी प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावणी उपाकर्म आचार्य पंडित विश्वनाथ दुबे के सानिध्य में वि.संवत 2082 श्रावण पूर्णिमा दिन शनिवार को संपन्न हुआ। इस दौरान अनेक विप्रबंधु मौजूद थें। इस आयोजित धार्मिक आयोजन के दर्शन करने के लिये लोगों की भीड़ उमडतें हुये देखी गई।

## पुरानी बुराई को लेकर की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ चीचली पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम इमालिया पिपरिया निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह नदी से अपने घर जा रहा था उसी दौरान गांव के ही शिव नारायण यादव, रामकुमार राजपूत आये और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। उसी दौरान नीरज यादव द्वारा आकर लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# अप डाउन संस्कृति पर नहीं लग पा रही रोक, शासन की योजनाएं हो रहे फेल



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** ब्लाक मुख्यालय के अंतर्गत जितने भी कार्यालय है उनमें चंद अधिकारियों कर्मचारियों को छोड़ दिया जावे तो अनेक अधिकारी ऐसे है जो अप डाउन संस्कृति को न अपनाये हो अनेक कार्यालायो में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों की अप डाऊन संस्कृति के चलते शासन की योजनाए फैल होती जा रही है। यहां पर अनेक विभागो के कार्यालयों में पदस्थ प्रमुख अधिकारियो से लेकर छोटे छोटे कर्मचारी तक अप डाउन करते हुए अपनी डियूटी जिस प्रकार से निभा रहे है कि लोग अपनी कार्यो के लिए उनका इंतजार करते हुए देखे जाते है। इतना ही नही यहां के प्रमुख ब्लाक कार्यालय से लेकर तहसील कार्यालय व अन्य विभागों के कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों सहित अनेक कार्योलयों में का यही हाल चल रहा है..? और ऐसा कई सालो से चलता आ रहा है कोई कार्यवाही न होने के कारण अधिकारी अपनी मनमानी से कार्य करते आ रहे है। जब मन करें आ जाते है जब मन करे तब चले जाते है कोई रोकने वाली नही है। यह बात जरूर है कि यदि ऐसा कोई छोटा कर्मचारी करे तो नोटिस जारी होने लगते है। लेकिन जो उस विभाग का मुखिया होता है उस पर कार्यवाही करने वाला कोई नही रहता। इस प्रकार से शासकीय कार्यालयों में चल रही मनमानी को लेकर आज तक कोई भी जिला स्तर के अधिकारी द्वारा इस अप डाउन संस्कृति पर अपनाने वाले अधिकारियो पर अंकुश नही लगा पा रहे है? जिसके कारण अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा जो समय निश्चित है उस समय पर न तो वह कार्यालय पहुंच पाते है और न ही लोगों की समस्याओं को सुना जाता है..? इसी का परिणाम है कि आम जनता की समस्या का हल नही निकलता व शिकायतें दिनों दिन बढ़ती जाती है। कुछ विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों का हाल तो यह बना हुआ है कि वह ट्रेनों के माध्यम से अपडाऊन कर रहे है। पहले ट्रेन गाडरवारा आती है इसके बाद वह बस या फिर अन्य किसी दूसरे साधन से सांईखेड़ा पहुंचते है। इस संबंध में यहां के कर्मचारियों का कहना होता है कि साहब उसी समय पर आयेगे जिस समय ट्रेन आएगी, साहब भी बेचारे क्या करे वह तो आना चाहते है पर ट्रेन लेट हो जाती है जिस कारण साहब समय पर आफिस नही पहुंच पाते है। जब ट्रेन गाडरवारा आयेगी और फिर साहब यहां आवेगे। जिससे कार्य प्रभावित होते है तो होते रहे अब अपने परिवार थोड़ी छोड़ देवे...?

## सांदीपनि विद्यालय में सम्पन्न हुआ लोक कला उत्सव, 11 विधाओं में चयनित हुए विद्यार्थी



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** एन सी ई आर टी के द्वारा प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय लोक कला उत्सव का आयोजन कर भारतीय लोक संस्कृति को जीवंत बनाये रखने कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसी कड़ी में वर्ष 2025 के लिए विकास खंड स्तरीय लोक कला उत्सव का आयोजन सांदीपनि विद्यालय साईंखेड़ा में किया गया। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा ने की गई। जबकि मुख्य अतिथि पी एम श्री बी टी आई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटेल और समाजसेवी जितेंद्र पटेल रहे। मुख्य निर्णायक की भूमिका में प्रफुल्ल दीक्षित रहे। विभिन्न प्रकार की कुल बारह विधाओं में से ग्यारह विधाओं में विद्यार्थियों ने सहभागिता दी गई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों से चयनित विजेताओं को अब जिला स्तरीय लोक कला उत्सव में अपने हुनर दिखाने होंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन मनीष शंकर तिवारी और भानु प्रताप राजपूत ने बुंदेली भाषा मे किया। कार्यक्रम के प्रभारी ओम जी कौरव ने बताया कि विकास खंड साईंखेड़ा के विभिन्न विद्यालयों से चयनित विद्यार्थी अब समग्र रूप से साईंखेड़ा विकास खंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम की समन्वयक मोनिका राय रहीं। जबकि कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगेंद्र झारिया, रंजीत सराठे, सरदार सिंह राजपूत, तरुण श्रीवास्तव, ज्योत्स्ना दुबे, नेहा शर्मा, सीमा कुशवाहा, पल्लवी यादव, सुधीर प्रजापति, मनोहर सिंह पटेल, पूनम बसेडिया, विष्णु सिंघानिया, भागीरथ प्रसाद, ब्रजबाला मालवीय, कीर्ति चौबे, सोनू बुधौलिया, भैयाराम ठाकरे, आरती पटेल, अखिलेश मेहरा, लालसिंह लोधी, रूपसिंह कुशवाहा, आदित्य द्विवेदी, आकाश उपाध्याय, प्रियंका विश्वकर्मा, सोमवती ठाकुर सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही।

# शिक्षित बेरोजगारों का निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा किया जा रहा शोषण



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में शिक्षा के नाम पर लोगों द्वारा जिस प्रकार से दुकानदारी चलाई जा रही है उससे बच्चों का भविष्य बनना कम और स्कूल संचालको का निजी स्वार्थ ज्यादा ही नजर आ रहा है..? क्योंकि शहर के साथ साथ ग्राम क्षेत्रों में दिन दिन ऊंग रही शिक्षण संस्थाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह स्कूल शिक्षा विभागों के नियमों के विरूद्ध स्थापित सुविधाहीन शालायें शिक्षा के नाम पर व्यवसाय करने में जुटी हुरइं हैं? इस प्रकार के विद्यालयों में मूलभुत सुविधाओं अलावा विशेषज्ञ शिक्षकों एवं खेल मैदानों का अभाव एक विकट समस्या बना हुआ है। जिसका प्रभाव छात्रों के भविष्य पर पड़ रहा है। शहर से लेकर गांव गांव स्थापित निजी शालायें मात्र शिक्षा की दुकान बनकर रह गई हैं? ऐंसी दुकाननुमा शालाओं की शिक्षा हमारे होनहारों पर क्या असर छोड़ेगी इससे सभी अंजान नहीं हैं..? शिक्षा की दुकान बनी निजी शालाओं को बढ़ावा देने में पालक भी कम दोषी नहीं हैं क्योंकि वे जानबूझकर निजी शालाओं के आकर्षण में पड़कर बच्चों का दाखिला करवा देते हैं और बाद में पछताते हैं। इस समय नगर के आलवा ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जावे तो ऐसी अनेक शिक्षण संस्थायें हैं जहाँ पर मात्र 10 वीं से 12 वीं पास युवक युवती अल्प वेतन मानदेय पर शिक्षक के रूप में सेवाये देकर बेरोजगारी के समय में शोषित हो रहे हैं, इन निजी शालाओं में ना तो छात्र-छात्राओं को पीने के लिये शुद्ध पेयजल, पेशाबघर, शौंचालय, खेल मैदान व बैठने के लिये हवादार कमरे भी नहीं हैं। नगर में ऐसी कई शालायें तो किराये के रहवासी मकानों में लग रहीं हैं इसके बाद भी शिक्षक संस्थाओं के संचालक पालकों से सभी व्यवस्थाओं के नाम पर मनमानी फीस वसूल रहे हैं। वही कुछ स्कूलों के संचालको बात करे तो वह गांव में इस प्रकार से अग्रेजी स्कूलों का संचालन कर रहे है, जिन्हे खुदे तो अग्रेजी आती नही है और वह बच्चों को शिक्षा देने वाले शिक्षकों का संचालन करने बैठे हुए है? क्या इन स्कूलों में बच्चों द्वारा दी जाने वाली फिस के मुताबिक पढ़ाई हो पायेगी..? इस तरह गाजर घास की तरह उग रही शिक्षण संस्थाओं की जाँच करे जो नियमों को दर किनार करके जेबें भरने में लगी हुई दिखाई देने से नही चूक रही हैं। अनेक शिक्षण संस्थाओं की सच्चाई तो इस तरह है कि बच्चों को खेलने के लिये निश्चत भूखंड का मैदान होना जरूरी है किंतु यहाँ जो देखने में आ रहा है उससे स्पष्ट रूप से लग रहा है कि शिक्षण संस्थाओं के नाम पर मात्र पैसा कमाया जा रहा है। किराये के मकानों में संचालित होने वाली अग्रेजी माध्याम की एक संस्था का तो यह है हाल है कि ग्रामीण क्षेत्रों से बच्चों वाहन सुविधा के नाम पर पैसा लिया जा रहा है, और उसी वाहन में खुलेआम दिन भर सवाली ढ़ोई जा रह है, उन्ही के साथ बच्चों को भी भेड़ बकरी की तरह बैठाकर घर पहुंचा दिया जाता है,यदि इस प्रकार की संस्थाओं की ईमानदारी से जांच हो जावे तो फीस बसूली जाती है उतनी सुविधाएं नजर नही आ रही है।

## खेत अधिक बखरने की बात पर हुआ विवाद

**सांईखेड़ा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम भौरगढ़ निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब बीते हुये दिवस मैं अपने घर पर आंगन मे बैठा था तभी पडोस मे रहने वाला दशरथ कीर का लडका नेपाल कीर एव उसके भाई परषोत्तम कीर मेरे पास आये तो मैने एक हफ्ते पुरानी बात दशरथ कीर ने अपना खेत बखरा था तो मैने उनसे बोला कि खेत ज्यादा बखर दिये हो जिससे घर की जगह की मेड (हद) तोड दी है। इसी बात को लेकर नेपाल कीर और परषोत्तम कीर दोनों एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देने लगे जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो दोनों ने एक राय होकर प्रार्थी के साथ झूमा झटकी की गई जिससे प्रार्थी के जमीन पर गिर जाने पर पत्नी बीच बचाव करने के लिये आई तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में अतिक्रमण की सच्चाई को छुपाते हुये पटवारियों द्वारा अतिक्रमणकारियों को संरक्षण



**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि इस समय अतिक्रमण की भेंट चढ़ते हुये स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि जहां लोगों को अंतिम संस्कार करने के लिये जगह उपलब्ध नही हो पा रही है। वही दूसरी ओर अतिक्रमणकारी उसे शासकीय भूमि पर फसले पैदा करते हुये हर वर्ष लाखों रूपया कमाने से नही चूक पा रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते कुछ वर्ष पहले समीपस्थ सालीचौका के पौड़ार के पास उस समय देखने मिल चुकी है जहां पर शासन के रिकार्ड के अनुसार तो काफी मात्रा में शासकीय भूमि पड़ी हुई है। मगर जब ग्राम के लोगों को एक वृद्व महिला के शव का अंतिम संस्कार करने के लिये जगह नही मिल पाई थी तो उन्हें मजबूर बस चकाजाम जैसा कदम उठाने के लिये मजबूर होना पड़ा था? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई चीचली क्षेत्र के अंतर्गत भी देखी जा रही है जहां पर अनेक गांवों में शासन की रिकार्ड में तो कई एकड़ शासकीय भूमि बंजर के रूप में पड़ी हुई है। मगर यदि मौके पर जाकर देखा जावे तो वहां पर लोगों की फसल लहलहाते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है? इसी बात को ध्यान में रखते हुये कुछ वर्ष पहले तत्कालीन जिला कलेक्टर द्वारा जिले के समस्त पटवारियों को अपने अपने हल्का क्षेत्रों में शासकीय भूमि व उस पर हुये अतिक्रमण की रिर्पोट पेश करने का आदेश जारी किये गये थें। मगर अधिकारियों द्वारा दिये गये इस आदेश को लेकर जिस प्रकार से पटवाारियों द्वारा सच्चाई के विपरित रिर्पोट तैयार करते हुये पेश करने में कोई कसर नही छोड़ी और अतिक्रमणकारियों से लक्ष्मी स्वरूप आर्शीवाद प्राप्त किये जाने का परिणाम है कि उस सच्चाई पर यदि गौर किया जावे तो अनेक जगहों पर आज भी अतिक्रमणकारियों के कब्जे में होने के साथ उस पर टियूबेल दिखाई देने से नही चूक पा रही है और पटवारियों द्वारा सच्चाई को छिपाते हुये अधिकारियों को गुमराह करते हुये उस भूमि को अतिक्रमण से मुक्त बताने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इस तरह पटवारियों की भूमिका अतिक्रमणकारियों को शह देने की मुद्रा में दिखाई देने से नही चूक पा रही है..?

**खबर संक्षेप**

## जिले में 24 घंटे में 9.7 मिमी बारिश दर्ज, 1 जून से अब तक 846.4 मिमी, पिछले साल से 281.9 मिमी अधिक वर्षा

**उमरिया।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि जिले में बीते 24 घंटे के दौरान औसतन 9.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसमें बांधवगढ़ में 5.8 मिमी, मानपुर में 32.8 मिमी, पाली में 0.8 मिमी, नौरोजाबाद में 1.4 मिमी, चंदिया में 16.8 मिमी, करकेली में 4.3 मिमी और बिलासपुर में 6.2 मिमी वर्षा शामिल है।सीजन का कुल आंकड़ा1 जून से लेकर 9 अगस्त तक जिले में औसतन 846.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। बांधवगढ़ में 798.2 मिमी, मानपुर में 959.7 मिमी, पाली में 722 मिमी, नौरोजाबाद में 710.6 मिमी, चंदिया में 960.1 मिमी, करकेली में 786.6 मिमी और बिलासपुर में 980.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई।पिछले साल से बेहतर बारिशगत वर्ष इसी अवधि में जिले में औसतन 564.5 मिमी वर्षा हुई थी। उस समय बांधवगढ़ में 553.5 मिमी, मानपुर में 562.4 मिमी, पाली में 450 मिमी, नौरोजाबाद में 522 मिमी, चंदिया में 597.6 मिमी, करकेली में 570.1 मिमी और बिलासपुर में 705 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। इस बार की बारिश पिछले साल की तुलना में 281.9 मिमी अधिक है।

## डाइट उमरिया में डी.एल.एड. प्रवेश हेतु मूल अभिलेखों का सत्यापन 11 और 12 अगस्त को

**उमरिया।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा डी.एल.एड. प्रथम वर्ष प्रवेश के लिए चतुर्थ चरण की सूची जारी कर दी गई है। डाइट उमरिया में प्रवेश हेतु विकल्प देने वाले सभी पात्र विद्यार्थियों को अपने मूल अभिलेखों के साथ 11 और 12 अगस्त को कार्यालय समय पर उपस्थित होकर अभिलेख सत्यापन कराना होगा। संस्थान ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद रिक्त सीटों के विरुद्ध मेरिट सूची प्रकाशित की जाएगी। इसमें शामिल अभ्यर्थी ही प्रवेश के पात्र होंगे। अभिलेख सत्यापन के लिए समय पर उपस्थित न होने वाले अभ्यर्थी प्रवेश की अगली प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाएंगे। सूची वेबसाइट पर उपलब्धचतुर्थ चक्र के लिए पात्र अभ्यर्थी अपना नाम जिले की वेबसाइट पर देख सकते हैं और समय रहते आवश्यक दस्तावेज तैयार कर सकते हैं।

## इंस्ट्राग्राम में फोटो डालकर बदनाम करने का आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** थाना चचाई में इ आवेदन पत्र दिया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया इंस्ट्राग्राम में फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो बनाकर बदनाम करने के ईरादा से वायरल किया गया है जिससे समाज में बदनामी हुई है। आवेदिका की शिकायत आवेदन पत्र की जांच की एवं सायबर सेल अनूपपुर से प्राप्त की जाकर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना चचाई में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की गई।

## ग्राम पंचायत गोहंड्रा के कुदरा टोला में शनिवार को मनाया आदिवासी दिवस

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** आदिवासी दिवस के उपलक्ष में नगर के समीप ग्राम पंचायत गोहंड्रा के कुदरा टोला मे शनिवार को आदिवासी दिवस मनाया गया। प्रकृति के उपासक, सभ्यता और संस्कृति को सदियों से अक्षुण्ण रखने वाले, कला, जीवन शैली, वेशभूषा और सांस्कृतिक विविधताओं को अपने में संजोकर, जल, जंगल व जमीन के संरक्षण में सदैव तल्लीन रहने वाले सभी आदिवासी भाइयो बहनों के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस का कार्यक्रम रानी दुर्गावती प्रतिमा स्थल कुदराटोला गोहन्ड्रा मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जीवन सिंह धुर्वे अध्यक्ष जनपद पंचायत कोतमा, कार्यक्रम की अध्यक्षता ध्यान सिंह श्याम अध्यक्ष गोड़ समाज महासभा अनूपपुर, श्रीमती विद्यावती श्याम, देवशरण सिंह, सूरज अगरिया, देवनाथ सिंह, दीपक कुमार पटेल, एड. बीरन सिंह आर्मो, कृष्णपाल सिंह, मानसिंह आर्मो, सज्जन सिंह आयाम, दुर्गा सिंह कोरराम, चन्द्रिका सिंह मरकाम, पंकज सिंह एवं क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों व नगर से आये हुये आदिवासी भाई बहनों की उपस्थित मे संपन्न हुआ।

# विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया, आदिवासी संस्कृति की अनूठी छटा बिखरी



**हरिभूमि न्यूज डिण्डोरी ।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर डिण्डोरी जिले में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन कर आदिवासी समाज की गौरवशाली संस्कृति, परंपराओं और योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया गया। जिले भर से हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और उत्सव को रंग-बिरंगा बना दिया।



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

आयोजन में आदिवासी समाज के नृत्य, संगीत की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नृत्यों की मनमोहक झलक ने सांस्कृतिक गौरव को जीवंत कर दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को आदिवासी लोकसंस्कृति की गहराई से रूबरू कराया। क्षेत्रीय विधायक ओंकार सिंह मरकाम सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।



### समाज की मांगें भी उठीं

आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने मंच से अपनी मांगें भी रखीं, जिनमें शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाओं की वृद्धि, बैगा जनजाति के लिए विशेष स्वास्थ्य योजनाएं, रोजगार के स्थानीय अवसर, वन अधिकारों की रक्षा और पारंपरिक भूमि पर हक की बात प्रमुख रही।



### ग्रामीणों में दिखा उत्साह

गांव-गांव से लोग पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे। युवाओं ने जहां सोशल मीडिया के ज़रिए संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया, वहीं आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं को संभालने में भी सक्रिय भूमिका निभाई।



### यातायात व्यवस्था रही चुस्त-दुरुस्त कार्यक्रम में भारी भीड़ को देखते हुए

यातायात पुलिस ने दिनभर मोर्चा संभाले रखा नगर के प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बल की तैनाती की गई और ट्रैफिक को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए वैकल्पिक रूट तय किए गए थे। पुलिस की सक्रियता के चलते किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं

## भाई बहन के प्रेम का पर्व राखी धूमधाम से मनाया गया



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर सहित आस पास के गांवों में भाई बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार शनिवार को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही माहौल में उत्सव की खुशबू घुली हुई थी। बहनों ने सज धज कर अपने भाईयों की कलाई पर प्यार और विश्वास की डोर राखी बांधी और उनके सुख समृद्धि की कामना की। भाईयों ने भी अपने बहनों को उपहार देकर जीवनभर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। सुबह से ही बाजारों में रौनक देखने को मिली। मिठाई और ड्राई फ्रूट की दूकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ जुटी रही। रंग बिरंगी राखियों की शुक्रवार से ही दूकानों पर भी खरीदारों की लंबी कतारें देखी गई। जगह जगह बच्चों में उत्साह देखते ही बन रहा था। जो नन्हीं नन्हीं राखियां और चॉकलेट लेकर अपने भाईयों बहनों को खुश कर रहे थे। राखी के इस पावन अवसर पर पूरे ब्लॉक भर में प्रेम अपनत्व और भाईचारे का अद्भुत मौहाल देखने को मिला। हर कोई इस दिन को यादगार बनाने में जुटा रहा।

# करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर में मंडी प्रांगण में कार्यक्रम भव्य रूप में मनाया गया

हरिभूमि न्यूज डिण्डोरी ।

**समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में रैली के कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां सभी का स्वागत सत्कार पश्चात सर्वप्रथम ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया फिर बड़ा देव फड़ापेन की विधिवत पूजन अर्चन कर समाज के महापुरुष टांटया राजा रघुनाथ शाह शंकर शाह बिरसा मुंडा डॉ अंबेडकर के तैल चित्र पर तिलक वंदन कर माल्यार्पण करतें हुए दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जहां विचारकों ने वर्तमान की परिस्थितियों के हिसाब से समाज की समीक्षा करते हुए कुरीतियों को दूर करने का आव्हान किया।**

ग्राम पंचायत मुसामुंडी के युवा सरपंच कपिल आर्मो ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो बलिदान दिया उस पर चिंता करें उन्होंने अपने प्राणों की आहूति यूं ही नहीं दिया बल्कि समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए इतना बड़ा त्याग किया इसलिए इसे ऐसे ही जाया न होने दें इन्होंने शिक्षा के महत्व को भी बताते हुए कहा कि यदि आप शिक्षा से दूर हुए तो आप इसी तरह उपेक्षित रहेंगे इसलिए अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षा के लिए प्रेरित करें और जानकार बनाएं।डॉ संतोष आर्मो ने कहा कि आज समाज को शिक्षित और जागरूक होने की आवश्यकता हैं क्योंकि शिक्षा ही समाज को बदल सकता है।समाज के अंदर की कुरीतियों को दूर कर सकता हैं और यह शिक्षित होने के बाद ही हो सकता हैं हमें संविधान के बारे में जानना जरूरी हैं इसलिए शिक्षा को महत्व दिया जाएं हर परिस्थिति में बच्चों को स्कूल भेजा जाएं तभी अपने मौलिक अधिकार जान पाएंगे वरना इसी तरह अशिक्षित होकर उपेक्षित होते रहेंगे। इस बीच समाज के युवक और युवतियों के बीच खासा उत्साह रहा जबकि आदिवासी दिवस के मौके पर पूरे अंचल में उल्लास छाया रहा इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया ।

### उमड़ी भीड़ -

आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में समाज के सभी वर्ग के लोगों की भीड़ उमड़ी लोग पारंपरिक वेशभूषा में आएं लोगों ने सभी का ध्यान केंद्रित कराया जबकि कस्बा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं भाजपा नेता श्री कृष्ण लाल हस्तपुरिया ने भी कार्यक्रम में उप्थित होकर बधाई और शुभकामना दिया।

### झांकी रहा आकर्षण का केंद्र

विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर गरिमामय समारोह में समाज के लोगों द्वारा आकर्षक झांकी बनाकर प्रस्तुत किया गया जिसकी सभी ने सराहना किया गौरतलब हैं कि आदिवासी दिवस के मौके पर समाज के सभी वर्ग के लोगों के बीच ग्राम में सुबह से ही उत्साह का माहौल खासकर बच्चे युवा युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में खासे उत्साहित नजर आएं

### ये रहें उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नवलसिंह आर्मो, अध्यक्ष इतवारी सिंह मरावी,कस्बा के मुकद्दम लल्लू तेकाम समाज के गणमान्य नागरिक ज्ञान सिंह तेकाम राकेश मरावी,रामकुमार मसराम,ब्रजेश कुशराम राजकुमार नेटी,मनीष सरठिया,भुसंडा के सरपंच अमर सिंह परस्ते शिक्षक मदन मरावी,बंटा बनवासी अधिवक्ता भानु परस्ते मोहतरा सरपंच लक्ष्मी तेकाम मानिकपुर के पूर्व सरपंच नंदकुमार परस्ते सहित अन्य लोग मौजूद रहें शिक्षक रूप सिंह मरावी ने मंच का संचालन किया आभार व्यक्त शिक्षक सुरेश सिंह श्याम ने किया।

यह आयोजन न केवल आदिवासी समाज के सांस्कृतिक गौरव का उत्सव था, बल्कि यह एक प्रेरणा भी था। समाज की जड़ों से जुड़ने, परंपराओं को सहेजने और आदिवासी समुदाय के अधिकारों को लेकर सजग रहने की। विश्व आदिवासी दिवस ने एक बार फिर साबित किया कि आदिवासी समाज सिर्फ अतीत नहीं, बल्कि भविष्य का मजबूत स्तंभ भी है।

# तेज रफ्तार बाइक को बचाने में हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 30 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें से 8 की हालत गंभीर बताई जा रही है। बस चालक ने यह कदम सड़क पर तेज रफ्तार मोटरसाइकिल को बचाने के लिए उठाया। जिले के चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्हारी में शनिवार सुबह करीब 11 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ। जानकारी के मुताबिक, यात्रियों से भरी बस नंबर सीजी 15 ए बी 0499 जो शहडोल जिले के बुढार से अनूपपुर की ओर जा रही थी, चिल्हारी गांव के पंचायत भवन के पास पलट गई। हादसे के समय बस में लगभग 30 से ज्यादा यात्री सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस चालक चकेठी, चिल्हारी और मेड़ियारास होकर अनूपपुर पहुंचने के लिए गांव के अंदरूनी रास्ते से बस ले जा रहा था। इस दौरान अचानक सामने से एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल आई। टक्कर से बचने के लिए चालक ने बस को अचानक मोड़ा, जिससे बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गई। बस पलटते ही घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। कई यात्री बस के अंदर फंसे रह गए। हादसा गांव के अंदर होने के कारण स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बस से बाहर निकालने में मदद की। ग्रामीणों ने इस दौरान फंसे हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार देने की कोशिश की। हादसे में 8 से अधिक लोगों को गंभीर चोटें आई हैं, जिनमें बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हैं। बाकी यात्रियों को भी मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चचाई थाना पुलिस ने बस चालक और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सड़क संकरी और मोड़दार थी, जिस वजह से तेज रफ्तार बाइक से बचने के दौरान बस का संतुलन बिगड़ गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश काफी जोखिम भरा है, क्योंकि यहां सड़कें संकरी हैं और पैदल चलने वालों तथा छोटे वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बड़े वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किया जाए, ताकि ऐसे हादसे दोबारा न हों।

## भालूमाड़ा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने वाले के विरुद्ध की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा की पुलिस टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करो एवं बिक्रेताओं के विरूद्ध छापामार कार्यवाही के दौरान आज 08 अगस्त को भालूमाडा क्षेत्र में जो लम्बे समय से चोरी छिपे अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी कर बिक्री कर रहे आरोपी को थाना प्रभारी भालूमाडा के नेतृत्व में भालूमाडा पुलिस टीम के द्वारा वार्ड क्रमांक 09 पीली दफाई भालूमाडा में आरोपी दिनेश मिश्रा पिता रामनारायण मिश्रा उम्र 52 साल निवासी पीली दफाई वार्ड न 09 भालूमाडा थाना भालूमाडा के कब्जे से 0.838 कि.ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल कीमती जप्ती माल 8000/- रुपये को जप्त कर अपराध क्रमांक 349/2025 धारा 8/20बी एनडीपीएस एक्ट कायम किया गया है।

## युवक की उपचार दौरान मौत, ट्रेन से जा रहा था गांव

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** इंदौर में मजदूरी करने गए युवक को मकान में गिरने से सिर में चोट लगने पर उपचार बाद ट्रेन से अनूपपुर आकर घर जा रहे जाते समय ट्रेन में अचानक ज्यादा तबीयत खराब होने पर जिला अस्पताल अनूपपुर मे उपचार दौरान मौत हो गई घटना की सूचना पर जिला अस्पताल पुलिस द्वारा परिजनों की उपस्थिति में मृतक के शव का पंचनामा कर पी,एम, कराने बाद शव परिजनों को सौपा। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार अनूपपुर जिले के जैतहरी थाना अंतर्गत खूंटाटोला निवासी 21 वर्ष युवक घनश्याम सिंह पिता वेदभुवन सिंह मजदूरी का काम करने इंदौर गया हुआ था जहां तीन दिन पूर्व कमरे में गिर जाने से सिर में चोट आने पर भाई एवं अन्य साथियों के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से अस्पताल में उपचार कराते हुए शुक्रवार को इंदौर बिलासपुर ट्रेन से छोटा भाई शिवराज सिंह एवं एक अन्य साथी रेवा सिंह के साथ आ रहा था तभी अनूपपुर के पहले ट्रेन में अचानक सीने में दर्द की शिकायत पर घनश्याम को अनूपपुर रेल्वे स्टेशन में उतार कर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती करा कर उपचार कराया जा रहा था उपचार दौरान ही घनश्याम सिंह की मौत हो गई घटना की सूचना ड्यूटी डॉक्टर द्वारा जिला अस्पताल पुलिस चौकी अनूपपुर को दिए जाने पर मृतक के परिजनो के समक्ष पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही कर ड्यूटी डॉक्टर से पी,एम, कराने बाद शव के अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौप कर जांच की जा रही है, मृतक घनश्याम अपने गांव एवं आसपास के कई ग्रामीणों के साथ इंदौर में स्थित विभिन्न तरह के कार्यों में मजदूरी का काम कर रहा था जिसकी कुछ दिनों से तबीयत खराब रहा करती थी तभी अचानक इंदौर स्थित अपने कमरे में गिर जाने से सिर में चोट आने की बात छोटा भाई शिवराज सिंह एवं रेवा सिंह ने बताया।

**खबर संक्षेप**

## विशाल स्वास्थ्य परीक्षण, निशुल्क दवा वितरण एवं रक्तदान शिविर



**गोटेगांव।** अत्यंत हर्ष का विषय है कि परम आराध्य पश्चिमाम्मन्याय अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का 67वें पावन जन्मोत्सव के मंगल अवसर पर परमहंसी झोतेश्वर ईशानी देवी चिकित्सालय में आगामी 11 अगस्त दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे से विशाल स्वास्थ परीक्षण ,निशुल्क दवा वितरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन श्री आद्वय शंकराचार्य शिक्षा विकास समिति श्रीनगर द्वारा संचालित श्री जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय श्रीनगर एवं श्री शंकराचार्य नेत्रालय के विशेष सहयोग से आयोजित है। इस विषय शिविर में क्षेत्र के जनसाधारण के लिए डॉक्टर विशेषज्ञ अपनी सेवाएं 10 बजे से 4 बजे तक देंगे आप सभी संपूर्ण क्षेत्रवासियों से भव्य विशाल शिविर का लाभ लेकर अपनी निशुल्क जांच करायें एवं निशुल्क दवाइयां प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील श्री आद्वय शंकराचार्य शिक्षा विकास समिति श्रीनगर जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय एवं शंकराचार्य नेत्रालय ने की है

## अलग-अलग दो युवक लापता

**गोटेगांव।** बीते दिनों पुलिस थाना गोटेगांव के पटेल वार्ड निवासी शिवम कुशवाहा 28 साल एवं श्रीनगर गांव निवासी मनोज मराबी 25 साल श्रीनगर निवासी अपने घर से बिना बताए कहीं चले गए। जिनका कोई पता नहीं चलने पर पुलिस ने उनके परिवारजनों की रिपोर्ट पर गुमइंसानी का अलग-अलग मामला कायम किया है।

## घर में घुसकर महिला से की छेड़छाड़

**गोटेगांव।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एक नाबालिग के खिलाफ छेड़खानी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि महिला का आरोप है कि नाबालिग ने उसके घर में घुसकर झूमाझटकी करते हुए छेड़छाड़ की। पुलिस ने महिला की शिकायत पर नाबालिग के खिलाफ धारा 74, 75, 115, 131 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## मुगवानी में विधायक ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की



**गोटेगांव।** विगत दिवस समीपवर्ती ग्राम मुंगवानी स्थित पीएम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में क्षेत्रीय विधायक महेंद्रनागेश की गरिमामई उपस्थिति में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, सर्वप्रथम मां सरस्वती मैयाजी का पूजन अर्चन किए जाने के उपरांत विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरित करने के उपरांत क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश ने कहाकि यह पहल ना केवल शिक्षा की ओर उनके कदमों को और मजबूत करेगा, बल्कि आत्म निर्भरता की दिशा में भी यह एक सशक्त कदम है, उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहाकि मुझे विश्वास हैकि वे शिक्षा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते हुए ग्राम समाज व जिले का नाम रोशन करेंगे, इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष रवीन्द्र पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ता शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यालय स्टाप व छात्र छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही ।

## श्रीमति त्रिशावती सिंग का स्वर्गवास



**गोटेगांव।** विगत दिवस समीपवर्ती ग्राम कंजई के प्रतिष्ठित नागरिक डॉक्टर श्यामसिंह ठाकुर की परमपूज्य माताश्री वयोवृद्ध श्रीमती त्रिशावती सिंग का 90 वर्ष की आयु में अचानक हृदयगति रुक जाने की वजह से आकस्मिक निधन हो गया, आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व की महिला थी

---

**हर्षोल्लास के साथ मनाया गया त्योहार**

# रक्षाबंधन पर्व पर उमड़ा भाई-बहन का प्यार





**हरिभूमि न्यूज-नरसिंहपुर।** भाई-बहन के पवित्र स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बाँधती हैं और उनकी दीर्घायु की कामना करती हैं। शनिवार सुबह से ही बहनों ने राखी और पूजन सामग्री की थालियां सजाना शुरू कर दिया। थालियों में रोली, कुमकुम, अक्षत, दीपक और आकर्षक राखियां रखी गईं। निर्धारित मुहूर्त में बहनों ने भाइयों को तिलक लगाया। उनके दाहिने हाथ पर राखी बांधी और आरती उतारी। मिठाई खिलाकर उन्होंने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की।

नगर में रक्षाबंधन पर्व शनिवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का यह त्योहार लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाता रहा। भाइयों ने बदले में बहनों को रक्षा का संकल्प दिया। साथ ही दक्षिणा और मनपसंद उपहार भी भेंट किए। बाजारों में भी रक्षाबंधन का रंग जमकर बिखरा। मिठाई, उपहार



और सजावटी वस्तुओं की दुकानों पर सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इस पर्व की रौनक में डूबे नजर आए। जगह-जगह परिवारों के बीच मिलन का दौर चलता रहा। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी घर-घर रक्षाबंधन का उत्साह देखने को मिला। कई परिवारों में दूर-दराज रहने वाले भाई-बहन इस खास दिन के लिए घर लौटे। इससे मिलन का माहौल और भी खुशनुमा बन गया। रक्षाबंधन ने एक बार फिर भाई-बहन के रिश्ते में स्नेह और विश्वास की डोर को मजबूत किया। हर घर में प्रेम, अपनापन और उत्सव की खुशबू महसूस की गई।



### सुरक्षा, सम्मान और आपसी आदर की एक व्यापक परंपरा का पर्व

रक्षा बंधन पारंपरिक रूप से भाई-बहन के पवित्र बंधन का उत्सव है। ऐतिहासिक रूप से, इस त्योहार का इतिहास कई सदियों पुराना माना जाता है, जिसका उल्लेख प्राचीन भारतीय ग्रंथों और महाकाव्यों में मिलता है। रक्षा बंधन भाई-बहन के रिश्ते से कहीं आगे बढ़कर सुरक्षा, सम्मान और आपसी आदर की एक व्यापक सामाजिक परंपरा का पर्व है। विभिन्न भारतीय समुदायों में, बहनें न केवल अपने सगे भाइयों को, बल्कि अपनी बहनों



को भी राखी बांधती हैं।

### द्रौपदी ने श्रीकृष्ण की उंगली में बांधा था चीर

महाभारत की एक प्रचलित कथा में बताया गया है कि कैसे द्रौपदी ने कृष्ण के सुदर्शन चक्र से शिशुपाल के वध के दौरान भगवान कृष्ण की घायल उंगली पर अपनी साड़ी का एक टुकड़ा बांधा था. यह बलिदान श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन किया गया था, जो बाद में रक्षाबंधन का दिन बन गया. इस दिन बहनें अपने भाइयों की रक्षा और सुरक्षा की कामना करते हुए राखी बांधती हैं।

### मंदिरों और बाजारों में दिनभर रही रौनक

नगर से थोड़ी दूरी पर स्थित दादा महाराज मंदिर में सदर मंदिर नरसिंह भगवान मंदिर गणेश मंदिर काली मंदिर सहित नगर के अनेक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तजन मंदिर पहुंचकर भगवान के दरबार में श्रद्धा भाव से माथा टेकते दिखे। उन्होंने चढ़ावा अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि और शांति के लिए मनौतियां मांगी। मंदिर परिसर में सुबह से शाम तक धार्मिक माहौल बना रहा। त्योहार के चलते शहर के बाजारों में भी दिनभर रौनक बनी रही। राखी, मिठाई की दुकानों पर लोगों की खासी भीड़ रही। मिठाई विक्रेताओं के अनुसार लड्डू, बर्फी और रसगुल्ले की बिक्री में इस बार अच्छी बढ़ोतरी हुई।

इस दौरान ट्रेनों बसो और निजी वाहनों में भी यात्रियों की भीड़ रही। शाम होते-होते शहर त्योहार की खुशियों में डूबा नजर आया।

---

## 13 वितरण केन्द्र की समीक्षा बैठक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर संभाग कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले ने नरसिंहपुर संधा संभाग के अंतर्गत आने वाले तेरह वितरण केन्द्र की समीक्षा बैठक रखी। जिनमें श्री जशेले ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन का ओर 1912 की शिकायतों का समय सीमा में करें। निराकरण सभी वितरण केन्द्र प्रभारी को ऐसे उपभोक्ता जो विगत 3 वर्षों से बिजली बिल जमा करने में हिलाहवाली करने वाले उपभोक्ताओं पर राजस्व वसूली हेतु निर्देशित किया ओर सभी वितरण केन्द्र को पावर वीं लक्ष्य अनुसार राजस्व संग्रहण पंचनामा बनाने शासन के नियमनुसार समय सीमा में ट्रांसफार्मर बदलने सबस्टेशन का रखरखाव हेतु निर्देशित किया । इस समीक्षा बैठक में नरसिंहपुर संध संधा संभाग के सभी सहायक अभियंता ओर समस्त वित्तरण केन्द्र कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।

## आर्यिका संघ के सानिध्य में रक्षाबंधन विधान महोत्सव का हुआ आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान पर्व पर आर्यिका सिद्धांत मति माता जी आर्यिका पुनीत मति माता जी आर्यिका विनय मति माता जी ससंघ सानिध्य एवं ब्र. अरुण भैया जी के निर्देशन में वात्सल्य पर्व रक्षा बंधन के अवसर पर त्रय दिवसीय आयोजन किया गया। प्रथम दिवस नेशनल हाईवे स्थित पार्श्वनाथ जिनालय में श्री शांति विधान एवं नवीन मंदिर शिलान्यास आयोजित हुआ। एवं दो दिवसीय रक्षा बन्धन विधान आयोजित किया गया। वात्सल्य पर्व की महिमा पर प्रकाश डालते हुये आर्यिका सिद्धांत मति माता जी ने साधर्मी के प्रति वात्सल्य एवं रक्षा के भाव रखने का संदेश दिया एवं मुनि विष्णु कुमार सहित सात सौ मुनिराजों के ऊपर आये घोर उपसर्ग की कथा माता जी द्वारा सुनाई गई। भगवान श्री श्रेयांष नाथ जी के मोक्षकल्याण महोत्सव पर निर्माण लाडू समर्पित किये गये।

## ग्राम पंचायतें योजनाओं और संसाधनों का उपयोग कर पंचायतों को उत्कृष्ट बनाएं

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यि की अध्यक्षता में वर्ष 2022- 23 का पंचायत उन्नति सूचकांक- पीएआई 1.0 का विमोचन एवं प्रचार- प्रसार के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में किया गया। कार्यशाला में अतिथियों द्वारा सूचकांक के 9 विषयों पर जिले की अलग- अलग ग्राम पंचायतों का चयन किया गया। इसमें अच्छा कार्य करने पर जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत पिठवानी को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 11 हजार रुपये, जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत खुलरी को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 7 हजार 100 रुपये और जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत शाहपुर को तृतीय पुरस्कार स्वरूप 5 हजार 100 रुपये की राशि प्रदान की गई। इसी तरह ग्राम पंचायत बसुरिया, चांदनखेड़ा, दौन, इमझिरा, सिमरिया, इमलिया, सहावन, टेकापार को 2100- 2100 रुपये की राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। ग्राम पंचायत हिरनपुर, कुड़ारी, झांझनखेड़ा, बरेली, आड़ेगांव, रायपुर, कमोद, रातामाटी, सूखाखैरी, डोभी को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, रामस्नेही पाठक, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, सभी विकासखंड के बीसी एवं ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव



व रोजगार सहायक उपस्थित थे।

पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने आयोजित कार्यशाला में पंचायतों को सशक्त बनाने, उनके कामकाज को पारदर्शी और कुशल बनाने के लिए किए गए कार्यों के आधार पर जिले की ग्राम पंचायत को पंचायत विकास सूचकांक पीएएल 1.0 कार्यक्रम में शासन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आगामी दिवसों में अपने क्षेत्र में शासन की मंशा अनुरूप और बेहतर कार्य करें, ताकि नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक पीएआई पोर्टल पंचायतों की उन्नति का सूचकांक है। जो पंचायतों के उत्कृष्ट कार्यों को प्रदर्शित करता है। ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी है कि वह शासन की योजनाओं और संसाधनों का उपयोग कर अपनी पंचायतों को उत्कृष्ट बनाए रखें। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि ग्राम पंचायतों को पीएआई उन्नति सूचकांक के माध्यम से उनकी स्थिति की जानकारी प्राप्त होगी। ग्राम पंचायतें उपलब्ध साधन व संसाधनों का उचित उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने ग्राम पंचायतों में साफ- सफाई व स्वच्छता बनाए रखने की बात कही। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को कहा। स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के लिए पालकों को मॉनीटरिंग करने के लिए कहा। ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाने और पानी की उपलब्धता का उचित प्रबंध करने को कहा। ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे कोई भी निर्माण कार्य अपूर्ण व अधूरे न रहे। उन्होंने ग्राम पंचायतों के सभी नागरिकों को इस अभियान में सहयोगात्मक रूप से कार्य करने को कहा। ग्राम सभा का आयोजन आपस में मिल-जुलकर करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत उन्नति सूचकांक के नौ विषयों के बारे में भी विस्तार से बताया।

### स्वच्छ सुजल गांव की शपथ दिलाई गई

जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने आयोजित कार्यशाला में स्वच्छ सुजल गांव की शपथ दिलाई कि आज स्वच्छता और सुजलता के इस जन अभियान की शुरूआत पर मैं हम यह संकल्प लेते हैं कि अपने गांव पंचायत को स्वच्छ, सुजल और सतत विकास की ओर अग्रसर करने में सक्रिय भागीदारी निभाऊंगा। मेरा यह प्रयास विकसित भारत 2047 के निर्माण में एक सशक्त कदम होगा।

## कला उत्सव की विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस विकास खंड शिक्षा अधिकारी डॉ बी एस शर्मा तथा उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य जी एस पटैल के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में संगीत की विभिन्न विधाओं, नृत्य, चित्रकला, दृश्य काव्य, नाटक, मूर्ति कला इत्यादि का मंचन किया गया। परिणाम इस प्रकार रहे। संगीत गायन (एकल) में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, नरसिंहपुर से वैदेही सोनी और शौर्य सेन उ.मा.वि. सिंहपुर बड़ा,संगीत गायन (सामूहिक) में सांदीपनी विद्यालय, नरसिंहपुर से अमिता लोधी, वर्तिका कौरव, श्रेया पटेल, अलीना खान,संगीत वादन (एकल ताल वाद्य) में उत्कृष्ट विद्यालय, नरसिंहपुर से नमन पटेल, सामूहिक नृत्य में सांदीपनी विद्यालय नरसिंहपुर,नाटक मंचन में सांदीपनी विद्यालय नरसिंहपुर ,दृश्य कला एकल (द्विआयामी - चित्रकला) में उत्कृष्ट विद्यालय, नरसिंहपुर से अंजली परमार, पुष्कर विश्वकर्मा, दृश्य कला एकल (त्रिआयामी - मूर्तिकला) में कान्हा राय, हाई स्कूल मुर्गाखेड़ा और हरिओम गुप्ता उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, हस्तशिल्प पारंपरिक खिलौना निर्माण में सेजल लोधी, सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर तथा पारंपरिक कहानी वाचन में वंश रजक और कृष्णा कहार, उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये सभी विद्यार्थी दिनांक 31 अगस्त को जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में विकास खंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# वैदिक परम्परा के अनुसार श्रावणी उपाकर्म हुआ सम्पन्न



**तेंदूखेड़ा ।** श्रावण पूर्णिमा पर नर्मदा तटों पर श्रावणी उपाकर्म क्षेत्र के ब्राह्मणों द्वारा सम्पन्न किया गया।श्रावणी उपाकर्म सनातन का अति महत्वपूर्ण महापर्व है। श्रावणी आत्म शुद्धि आध्यात्मिक उत्थान स्वाध्याय ऋषियों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान व्यक्त करने वाला पर्व है। श्रावणी उपाकर्म ज्ञात अज्ञात पापों के प्रायश्चित सुसंस्कारों के विकास स्वाध्याय एवं वैदिक ज्ञान की प्रेरणा देने वाला पर्व है। हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य प्रमोद पचौरी ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि श्रावणी उपाकर्म के तीन पक्ष हैं प्रायश्चित संस्कार और स्वाध्याय । सभी ब्राम्हणों ने विधिवत मंगलाचार के साथ जलाशय कर्म में तीर्थ पूजन पंचगव्य प्राशन ज्ञात अज्ञात समस्त पाप दोषों की निवृत्ति के लिए हेमाद्रि संकल्प गण स्नान किया। भस्म मृत्तिका गोमय आदि से स्नान के बाद अपामार्ग कुशा दूर्वा आदि से मार्जन किया। स्नानांग तर्पण मध्यान्ह संध्या सूर्य उपस्थान ब्रह्म यज्ञ तर्पण आदि क्रियाओं के बाद संस्कार स्वाध्याय के क्रम में गणेश कलश पूजन उपरांत सप्तर्षियों का पूजन किया गया। यज्ञोपवीत का विधिवत पूजन कर सभी विद्वानों ने देवताओं और अपने पितरों को यज्ञोपवीत समर्पित करके नवीन यज्ञोपवीत धारण किया। ऋषि तर्पण के साथ ऋषि वंश वाचन अध्ययन क्रम में वेद मंत्र पाठ ऋषि श्राद्ध के बाद रक्षाबंधन कर देव विसर्जन किया गया। श्रावणी उपाकर्म में ब्राह्मणों के अलावा क्षेत्र के अन्य लोग भी सम्मिलित रहे।

## कृष्णा ने किया जिले का नाम रोशन

**एकलव्य पुरस्कार से नवाजे गए**



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों समीपी पिंडरई खला राजमार्ग निवासी प्रतिष्ठित मिश्रा परिवार के जगदीश प्रसाद मिश्रा के सुपुत्र राकेश मिश्रा के बेटे कृष्णा मिश्रा ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित होने पर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा भी विगत दिनों सम्मानित किया है। कृष्णा की इस सफलता पर शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं। कृष्णा सुशील मिश्रा के नाती एवं वरिष्ठ नेता संजीव मिश्रा के परिजन हैं।

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ श्रंखला का हुआ समापन



**तेंदूखेड़ा।** पावन श्रावण मास पर संपूर्ण क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल बनाये रखने के साथ श्री राम चरित मानस पाठ को घर घर गान करने के जन-जागरण को लेकर श्री राम रसिया भक्त मंडल द्वारा हर साल पूरे मास भर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का बृहद स्तर पर आयोजन किया जाता है। जिसमें नगर के सभी विद्वान पंडितों सभी वर्गों के लोगों युवाओं के द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया जाता है। युवा वर्ग संगीत की लहरियों में मंत्रमुग्ध होकर झूमते हुए सुंदरकांड पाठ किया करते हैं।श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार से शुरू होकर श्रावण मास की पूर्णिमा तक आयोजन किया जाता है।नगर के प्रतिष्ठित सिद्ध स्थल हरसिद्धि मंदिर में समारोह पूर्वक समापन किया गया जिसमें सभी विद्वान पंडितों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। गौरतलब रहे कि नगर में अब जन्मदिन शादी की सालगिरह पुण्य तिथि पर्व विशेष पर लोगों में धार्मिक आयोजन सुंदरकांड पाठ का आयोजन करने की जोरदार पहल शुरू हुई है।

## भाईयों की कलाई पर बहिनों ने बांधीं स्नेह की डोर



**तेंदूखेड़ा।** भाई बहन के रिश्ते अटूट प्रेम का प्रमुख त्यौहार रक्षाबंधन पर्व पर भाईयों की कलाई पर बहिनों ने स्नेह की डोर बांधकर रक्षा का संकल्प लिया।सुबह से ही अच्छी खासी चहल-पहल देखने को मिली।एक दिन पूर्व से ही कपड़ा मिठाई और राखी की दुकानों पर भारी भीड़ भाड़ रही। छोटे छोटे बच्चों ने अपनी अपनी पसंद की राखी बंधवाई। तिलक लगाकर हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर आरती उतारी मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। भाईयों के द्वारा उपहार स्वरूप गिफ्ट भेंट किये गये। चूंकि इस वर्ष सुबह से ही विशेष मुहूर्त होने के कारण रक्षाबंधन बांधने का सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा।

### कजलियां पर्व आज

अन्न को साक्षी मानकर आपसी बुराईयों को दूर कर सौहार्द प्रेम स्नेह भाईचारा बनाए रखने का त्योहार कजलियां पर्व आज रविवार को मनाया जाएगा।दोपहर कजलियों की पूजन के उपरांत एक दूसरे से कजलियों का आदान-प्रदान किया जायेगा। लोग शोकाकुल परिवारों में पहुंच कर कजलियां लेकर एक दूसरे के सुख दुख में शामिल होकर संबल प्रदान करेंगे।

# विद्युत संबंधित हो रही समस्याओं से किसान संघ ने कार्यपालन अभियंता के साथ की बैठक



**गोटेगांव।** विगतदिवस किसान संघ एवं कार्यपालन अभियंता नरसिंहपुर विवेक जसेले के साथ विद्युत संबंधित आ रही शिकायतों के संबंध में बैठक का आयोजन कार्यपालन अभियंता के कक्ष में किया गया जिसमें किसान संघ के अध्यक्ष अनिरुद्ध लोधी एवं किसान बहुतायत में उपस्थित हुए किसान संघ द्वारा विद्युत संबंधित विभिन्न समस्याओं को एक-एक कर शिकायतों से श्री जसेले को अवगत कराया गया! वही श्री जसेले द्वारा शिकायतों के निराकरण का आश्वासन देते हुए कुछ शिकायतें तत्काल प्रभाव समाप्त करते हुए किसान संघ को विश्वास दिलाया कि विद्युत विभाग किसान संघ के साथ हमेशा बना हुआ है, इसको लेकर के किसान संघ के अध्यक्ष अनिरुद्ध लोधी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई एवं श्री जसेले के व्यवहार की भौतिक रूप से सराहना की गई वही उपस्थित। किसान संघ के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल के दौरान विद्युत व्यवस्था नरसिंहपुर संभाग के अंतर्गत श्री जसेले एवं अन्य कनिष्ठ अभियंताओं ने बहुत अच्छे से उपलब्ध कराई जिस की नरसिंहपुर डिवीजन में मूंग का रिकॉर्ड उत्पादन गढ़ वर्ष के सापेक्ष हुआ है इसके साथ-साथ किसान संघ के साथ आए हुए जनप्रतिनिधि संघ ने भी कार्यपालन अभियंता द्वारा किए गए कार्यों को लेकर के सराहना व्यक्त की साथ ही संभाग अंतर्गत सुचारू विद्युत प्रदायक करने हेतु कार्यपालन अभियंता का धन्यवाद ज्ञापित किया, इस दौरान कार्यपालन अभियंता द्वारा स्पष्ट रूप से आश्वासन दिया गया कि विद्युत विभाग का प्रथम एवं मूल दायित्व सामान्य विद्युत उपभोक्ताओं तक सुचारू विद्युत आपूर्ति बनाए रखना है जिसको लेकर के विभाग तत्पर है !श्री जसेले द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि किसी भी विद्युत उपभोक्ता को किसी भी प्रकार की समस्या है तो वह ऑफिस कार्यालय में आकर के उनसे स्वयं मिल सकते हैं i